महत्वपूर्ण एवं खास

कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने की मतदाताओं को मतदान करने की अपील

सारंगढ़-बिलाईगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने वीडियो संदेश के माध्यम से सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के सभी मतदाताओं को 17 नवंबर को अपने मताधिकार का उपयोग कर वोटिंग करने की अपील की है। अपने संदेश में उन्होंने सभी मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 17 नवंबर को जिले के 651 मतदान केन्द्रों में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होना है, इस हेतु एक जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निभाते हुए सभी अपने घरों से निकलें एवं अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

अपने लोकतांत्रिक अधिकार मतदान का उपयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाएं - एसपी आशुतोष सिंह। आगामी निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए जिले के पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह ने ''सारंगढ़ बिलाईगढ़ सब्बो जाबो वोट देहे बर'' का नारा देते हुए जिले के सभी नगरवासियों से 17 नवंबर को लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने हेतु अपने वैधानिक लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग कर शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु अपील की है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रधान पाठक को किया निलंबित

सारंगढ़-बिलाईगढ़। विधानसभा निर्वाचन वर्ष 2023 अंतर्गत जगमोहन लाल प्रेमी, प्रधान पाठक, शासकीय प्राथमिक शाला कैथा, भाटापारा को निर्वाचन संबंधी दायित्वों में लापरवाही बरतने के कारण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने निलंबित कर दिया है। जगमोहन द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन मैं सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन नहीं किया गया, जिसके फलस्वरुप लापरवाही बरतने के कारण अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत किया गया है। उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम (03) के प्रावधानों के विपरीत होने के कारण दंडनीय है। जारी आदेश में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 09, 1(क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी सारंगढ़ में निर्धारित किया गया है। जगमोहन को निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

बाइक को किया आग के हवाले, जुर्म दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। अटल आवास कबीरनगर में खड़ी बाइक को एक युवक ने आग के हवाले कर दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दिलीप गुप्ता 35 वर्ष बिहारी बस्ती गोंदवारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी स्पलेण्डर बाइक क्रमांक सीजी 04 एनवाय 1827 को अटल आवास कबीरनगर में खड़ी किया था, तभी आरोपी महेन्द्र ठाकुर ने उसे आग के हवाले कर दिया। जिससे प्रार्थी की बाइक जलकर खाक हो गई। इस आगजनी में प्रार्थी को 40 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 435 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

निर्वाचन कार्य में लापरवाही, सहायक प्राध्यापक निलंबित

दुर्ग-रायपुर (आरएनएस)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने निर्वाचन कार्य में घोर लापरवाही बरते जाने के फलस्वरूप लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 20 क तथा सिविल सेवा आचरण नियम के तहत् भागवत कुर्रे सहायक प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय बोरी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी तथा इस अवधि में कुर्रे का मुख्यालय शासकीय महाविद्यालय धमधा होगा।

लोकतंत्र के यज्ञ में 18.84 लाख से अधिक मतदाता देंगे वोट

❐ सबसे अधिक मतदाता रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में

❐ सभी तैयारियां पूरी, मतदान केंद्रों में पहुचें दल, विधानसभा निर्वाचन के लिए मतदान आज

रायपुर (आरएनएस)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए रायपुर जिले के सातों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 18 लाख 84 हजार 926 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। सबसे अधिक रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में 3 लाख 49 हजार 316 मतदाता है। विधानसभा रायपुर पश्चिम में दो लाख 91 हजार 538 मतदाता, रायपुर नगर दक्षिण में दो लाख 59 हजार 948 मतदाता, धरसीवां विधानसभा में 2 लाख 34 हजार 663, आरंग विधानसभा में 2 लाख 31 हजार 327, अभनपुर विधानसभा में 2 लाख 13 हजार 936 और बलौदाबाजार विधानसभा के रायपुर जिले में शामिल क्षेत्रों में 1 लाख 2 हजार 48 मतदाता कल अपना प्रतिनिधि चुनने वोट डालेंगे और मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में सहभागी बनेंगे। जिले में इस बार 397 सर्विस वोटर, 11 हजार 734 पीडब्ल्यूडी वोटर और 80 साल से अधिक उम्र के 20 हजार 526 वोटर भी मताधिकार का उपयोग करेंगे।

उत्तर विधानसभा क्षेत्र के सभी 201 मतदान केन्द्रों में इस बार महिलायें ही करायेंगी वोटिंग :

महिला मतदाताओं के लिये बनाये गये 10-10 संगवारी/आदर्श मतदान केंद्र-भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 में इस बार महिला मतदाताओं की विशेष सहायता तथा सहूलियत के लिए संगवारी /आदर्श मतदान केंद्र भी बनाये गये है। रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के सभी 201 मतदान केन्द्रों में इस बार महिलायें ही वोटिंग करायेंगी। उत्तर विधानसभा क्षेत्र के अलावा अन्य छह विधानसभा क्षेत्र में 10-10 संगवारी मतदान केंद्र बनाये गये है। यहा पीठासीन अधिकारी से लेकर अन्य मतदान कर्मचारी एवं सुरक्षा महिलाओं के हाथ में होगी। यहा महिला मतदाता आसानी से वोट डाल सकेगी।

कुल 1878 मतदान केंद्रों में होगा मतदान :

विधानसभा निर्वाचन के लिये जिले में कुल 1878 मतदान केंद्र बनाये गये है। धरसीवां विधानसभा में 251, रायपुर ग्रामीण में 307, रायपुर पश्चिम में 265, रायपुर उत्तर में 201, रायपुर दक्षिण में 255, रायपुर आरंग में 249, अभनपुर में 240 और बलौदाबाजार विधानसभा में शामिल क्षेत्र में 110 मतदान केन्द्र बनाये गये है।

दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं को कतार में खड़े होने से मिलेगी छूट- विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत सेक्टर अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि सभी मतदान केन्द्रों में व्हीलचेयर, स्टीक, रैम्प की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाये। मतदान दिवस में दिव्यांग एंव अधिक उम्र्र के वृद्ध मतदाताओं को कतार में खड़े होने से छूट प्रदान करने के भी निर्देश है।

मतदान सहायता केन्द्र में मिलेगी सहायता- सभी मतदान केन्द्रों में 100 मीटर के भीतर मतदान सहायता केन्द्र बनाये गये है। मतदान दिवस को मतदान सहायता केन्द्र में मतदाताओं को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। यहां संबंधित क्षेत्र का बूथ लेवल अधिकारी (बी.एल.ओ.) सहित अन्य कर्मचारी तैनात होंगे। मतदान सहायता केन्द्र में किसी भी राजनीतिक दल के व्यक्ति की उपस्थिति प्रतिबंधित रहेगा। मतदान सहायता केन्द्र में अतिरिक्त कुर्सियां एवं पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ गर्भवती, शिशुवती, दिव्यांग तथा वरिष्ठजन मतदाताओं के आवश्यकतानुसार सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश है।

सेक्टर अधिकारी, सेक्टर मजिस्ट्रेट के रुप में कार्य करेंगे- कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने चुनाव प्रक्रिया में सेक्टर अधिकारियों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि सेक्टर अधिकारी अपने क्षेत्र में सेक्टर मजिस्ट्रेट के रुप में कार्य करेंगे। मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराने के साथ मतदान दिवस में मतदान प्रतिशत की जानकारी उपलब्ध कराना एवं ईव्हीएम, वीवीपेट आदि की पर्याप्त जानकारी रखते हुए अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को आवश्यकतानुसार मार्गदर्शन देने के निर्देश में भी जारी किए गए है।

कुल 123 प्रत्याशी आजमाएंगे अपनी किस्मत, रायपुर पश्चिम से सर्वाधिक 26 अभ्यर्थी

विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए रायपुर जिले के सातों विधासभाओं में कुल 123 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमाएंगे। सर्वाधिक 26 प्रत्याशी रायपुर पश्चिम विधानसभा में है। धरसीवां एवं रायपुर ग्रामीण विधानसभा में 18-18, रायपुर उत्तर में 14, रायपुर दक्षिण में 23, आरंग में 11 और अभनपुर विधानसभा में 13 प्रत्याशी निर्वाचन मैदान में है।

कलेक्टर ने किया संगवारी मतदान केंद्र भटगांव का निरीक्षण

❐ मतदान केन्द्र में दिव्यांगों के आवागमन हेतु दिव्यांग रथ की सुविधा

सारंगढ़-बिलाईगढ़। नवगठित सारंगढ़.बिलाईगढ़ जिले में गोमर्डा अभ्यारण्य की थीम पर सभी आदर्श मतदान केन्द्रों को मॉडल मतदान केन्द्र के रूप में प्रदर्शित किया जा रहा है। संगवारी मतदान केन्द्रों के निरीक्षण हेतु कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने आज शाम संगवारी मतदान केंद्र भटगांव का निरीक्षण किया एवं बेहतर मतदान कार्य हेतु हौसला आफजाई कर शुभकामनाएं दिए। उक्त संगवारी मतदान केन्द्र में सुंदरतापूर्वक सजावट की गई है, दीवार में अलग-अलग थीम में कलाकृतियां बनाई गई हैं एवं सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया है। इसके साथ ही दिव्यांगों के आवागमन हेतु दिव्यांग रथ की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

गौरतलब है कि जिले के 24 मतदान केन्द्रों को आदर्श मतदान केन्द्र के रूप में तैयार किया गया है। जिसमें पुरातात्विक धरोहरों, वन्य जीवों एवं पुरातन मंदिरों की कलाकृतियों को मतदान केन्द्रों की दीवारों पर रंग बिरंगे एवं अनूठे तरीकों से प्रदर्शित किया जा रहा है ताकि आगामी 17 नवंबर को मतदाता अधिक से अधिक संख्या में मतदान में अपनी सहभागिता दें। उक्त मॉडल मतदान केन्द्रों में जिले के विशेष थीम के आधार पर मतदाताओं को मतदान हेतु आकर्षित करने के लिए सेल्फी जोन भी बनाया गया है।

कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी और एसपी आशुतोष सिंह ने किया निर्वाचन सामग्री वितरण व्यवस्था का निरीक्षण

कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी और पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह ने मंडी परिसर सारंगढ़ में सुबह 6 बजे मतदान सामग्री वितरण व्यवस्था का निरीक्षण किया। डॉ. सिद्दीकी ने रिटर्निंग अधिकारी द्वय मोनिका वर्मा, डॉ. स्निग्धा तिवारी से व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, एएसपी निवेदिता पाल, परियोजना निदेशक पंचायत हरिशंकर चौहान उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं एसपी ने शांतिपूर्ण निर्वाचन हेतु किया फ्लैग मार्च

❐ पुलिस बल एवं सुरक्षा बलों द्वारा सारंगढ़ शहर में किया गया फ्लैग मार्च

सारंगढ़-बिलाईगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह के नेतृत्व में विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर आज निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन सुनिश्चित करने हेतु सारंगढ़ नगर में फ्लैग मार्च किया गया। कलेक्टोरेट कार्यालय से प्रारंभ होते हुए यह फ्लैग मार्च भारत माता चौक, सदर रोड, सिनेमा हाल, तुर्की तालाब, संगम चौक होते हुए भारत माता चौक के रास्ते कलेक्टोरेट में फ्लैग मार्च का समापन किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निवेदिता पॉल, डीएसपी मनीष कुंवर, डिप्टी कलेक्टर टी आर माहेश्वरी, इसके अलावा पुलिस बल एवं सुरक्षा बलों ने अपनी सहभागिता दी।

प्रेक्षक तापस राय ने किया वेब कास्टिंग और जीपीएस कंट्रोल रूम का निरीक्षण

सारंगढ़-बिलाईगढ़। सामान्य प्रेक्षक तापस राय ने कलेक्टोरेट परिसर में स्थापित वेब कॉस्टिंग और जीपीएस कक्ष का अवलोकन किया। राय ने वेबकास्टिंग से जुड़े सभी मतदान केन्द्रों के गतिविधियों को देखा और वहां ड्यूटी में कार्यरत कर्मचारियों को किसी भी प्रकार के असामान्य गतिविधियों की जानकारी प्रभारी अधिकारी को तत्काल देने के लिए निर्देशित किया। उल्लेखनीय है कि वेब कॉस्टिंग की श्रेणी में वे मतदान केन्द्र आते हैं, जिनके निर्वाचन कार्यों के गतिविधियों के लिए कैमरा लाइव रिकार्डिंग मोड में होता है। इसी प्रकार जीपीएस कंट्रोल रूम में राय ने कर्मचारियों को कहा कि लगातार निगरानी करें और कोई वाहन खराब होता है तो तुरंत किसी दूसरे वाहन का व्यवस्था कराएं। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, लाइजनिंग अधिकारी हीरादास भारद्वाज उपस्थित थे।

चुनई तिहार में अद्भूत उत्साह के साथ शामिल हुए सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के निर्वाचन कार्मिक

सारंगढ़-बिलाईगढ़। छत्तीसगढ़ के चुनई तिहार विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के नेतृत्व में जिला निर्वाचन प्रशासन द्वारा सतत् तैयारी किया जा रहा था। 16 नवंबर को सुबह 6 बजे से जिले के निर्वाचन कार्मिक दल अपने अपने मतदान केन्द्र में मतदान कराने के लिए उत्साह के साथ उपस्थित हुए। निर्वाचन कार्मिक के उत्साह सभी के नजरों में मिली। यह पहचान करना मुश्किल था कि महिलाएं ज्यादा उत्साहित हैं कि पुरूष। जरा सा सिकन नहीं था सभी के चेहरे में ऐसे महिलाएं और पुरूष निर्वाचन ड्यूटी में तैनात नजर आए। मंडी परिसर में मतदान सामग्री वितरण के लिए लाइन में लगे नजर तो कहीं दल के साथ सामग्री का मिलान करते। हर टीम अपने सदस्यों के साथ निर्वाचन काम में ऐसे गंभीरता से कर रहे थे जैसे उन्हें इस कार्य को संपन्न कराने के लिए बहुत दिनों से प्रतीक्षा था। निर्वाचन कार्य में जीवटता से भीड़कर कार्य करने का अद्भूत उत्साह निर्वाचन कार्मिक में नजर आया। जिला निर्वाचन प्रशासन द्वारा मंडी परिसर के अलग-अलग स्थानों में सुविधा प्रदान किया गया था, जिनमें डाकमत पत्र स्थल, स्वास्थ्य सेवाएं, जिनमें डॉक्टर नर्स उपस्थित थे। कैम्पस में ही पेयजल, शौचालय और कैंटीन में भोजन उपलब्ध था।

32 संगवारी मतदान केन्द्रों में मतदान कराने की जिम्मेदारी महिलाओं के कंधे पर

जांजगीर-चांपा (आरएनएस)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में विधानसभा निर्वाचन कार्य में इस बार महिला सशक्तीकरण की झलक दिखाई देगी। जिले में विधानसभा क्षेत्र जांजगीर-चांपा, अकलतरा व पामगढ़ में 10-10 एवं जैजैपुर (आंशिक) व सक्ती (आंशिक) में 01-01 संगवारी मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। इन 32 संगवारी मतदान केन्द्रों में मतदान कराने की जिम्मेदारी महिला अधिकारी निभाएंगी। 16 नवंबर को मतदान सामग्री लेने शासकीय पॉलिटेक्निक कालेज जांजगीर के कैम्पस में पहुंची महिलाओं के चेहरे पर मुस्कान नजर आई। संगवारी बूथों में पीठासीन अधिकारी से लेकर मतदान दल में शामिल प्रत्येक सदस्य महिला ही होंगी। इन केंद्रों के लिए महिला अधिकारी व कर्मचारियों की विशेष व्यवस्था की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने संगवारी मतदान केंद्रों के महिला मतदान कर्मियों को सफलतापूर्वक अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए शुभकामना दी। सभी महिला मतदान कर्मी अपने इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को लेकर बहुत ही प्रसन्नचित्त दिखे। महिलाओं ने कहा कि निश्चित रूप से संगवारी मतदान दल में जिम्मेदारी मिलना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। वे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को लेकर बहुत ही प्रफुल्लित हैं।

इन संगवारी बूथों में महिलाएं करायेंगी मतदान

जिले में 33 अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में 40 - चारपारा शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल भवन, 49 - बलौदा नगर पंचायत शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कक्ष क्रमांक 03, 51- बलौदा नगर पंचायत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बाजार पारा बलौदा, 112- पोंच शा.प्रा. स्कूल भवन पोंच, 123 जर्वे ब शा प्रा स्कूल भवन जर्वे ब कक्ष क्रमांक 01, 155- अकलतरा न पा प शा कन्या उमावि स्कूल भवन अकलतरा क्रमांक 03, 156 - अकलतरा न पा प शा कन्या उमावि स्कूल भवन कक्ष क्रमांक 04, 125 हरदी, शा उ मा वि स्कूल भवन कक्ष क्रमांक 01, 140- कटनई शा नवीन प्रा स्कूल भवन कटनई, 217 तरौद शा प्रा स्कूल भवन तरौद कक्ष क्र 01, 34 जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र में 58 चांपा न पा प शा प्रा शा बरपाली चांपा कक्ष क्र 02, 65-बिरगहनी च शा प्रा स्कूल भवन बिरगहनी कक्ष क्र 01, 83-जांजगीर-नैला न पा प गट्टानी शा कन्या उमावि जांजगीर कक्ष क्र 02, 103 जांजगीर-नैला सहित अन्य शामिल हैं।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी साकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियां की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

मतदान सामग्री के साथ मतदान दल उत्साह के साथ हुए रवाना

❐ आज सुबह 8:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक मतदान

सारंगढ़-बिलाईगढ़। विधानसभा निर्वाचन 2023 के महापर्व में दूसरे चरण में 17 नवम्बर को होने वाले स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी मतदान के लिए सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र के 651 मतदान केन्द्रों के लिए किसान राईस मिल, सारंगढ़ से मतदान दल के पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी अपने-अपने मतदान केंद्र के लिए सामग्री प्राप्त किए और अपने दल के साथ निर्धारित मतदान केन्द्रों के लिए वाहन से रवाना हुए। उनके साथ सेक्टर अधिकारी भी रवाना हुए।

प्रेक्षक तापस राय ने किया स्ट्रांग रूम सहित सामग्री वितरण कार्य का अवलोकन

सारंगढ़-बिलाईगढ़। सारंगढ़ विधानसभा-17 के सामान्य प्रेक्षक तापस राय ने मंडी परिसर स्थित स्ट्रांग रूम जाकर मतदान कार्मिकों के द्वारा प्राप्त कर रहे मतदान सामग्री (ईवीएम, व्हीव्हीपैट एवं अन्य) का अवलोकन किया। तापस राय ने रिटर्निंग अधिकारी सारंगढ़ मोनिका वर्मा से मशीनों की जानकारी लिया। प्रेक्षक तापस राय ने कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी की उपस्थिति में निर्वाचन कार्मिकों से निर्वाचन कार्य के बारे में जानकारी लिया। इस दौरान राय ने निर्वाचन कार्मिक दल को जवाबदारी के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की विवाद की स्थिति से नहीं घबराने का हौसला आफजाई किया।